राजस्थान सरकार

निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर

क्रमाक– एफ 3 (ख) (1) अलेसे–II/ दिनाक – 01.05.2012

आदेश सं. 33/2012-13

राजस्थान अधीनस्थ लेखा सेवा के नियम 1963 के नियम 29 (2ए) के अन्तर्गत कनिष्ठ लेखाकार से लेखाकार पद पर पदोन्नति हेतु गठित विभागीय पदोन्नति समिति वर्ष 2008–09 की बैठक मे श्री चन्दन मल पालीवाल, कनिष्ठ लेखाकार (मेरिट नंबर 190/89) जन्म तिथि 08.08.1963 का चयन नगर निगम जयपुर में कार्यरत रहने के दौरान विभागीय जांच लम्बित होने के कारण सीलबन्द रखा गया था।

चूंकि श्री चन्दन मल पालीवाल, के विरूद्ध लम्बित प्रकरण में नगर निगम जयपुर के आदेश क्रमाक 167 दिनाक 21.5.2009 के द्वारा जांच विचाराधीन बहाल किया गया। उक्त प्रकरण मे एफ आर लग जाने पर निदेशक (विधि) नगर निगम जयपुर की राय अनुसार जाच का कोई औचित्य नही होने के कारण श्री पालीवाल की जांच समाप्त करते हुये निलम्बन अवधि को ड्यूटी पर मान लिये जाने के फलस्वरूप श्री चन्दन मल पालीवाल, के बन्द लिफाफे में रखे गये लेखाकार के पद पर चयन के नतीजे को खोलकर उक्त विभागीय पदोन्नति समिति की सिफारिश के आधार पर इन्हे वर्ष 2008–09 के लिए लेखाकार के रिक्त पद के विरूद्ध लेखाकार पद की वेतन श्रृंखला 9300–34800 ग्रेड प–3600 (12) में पदोन्नत किया जाता है।

श्री चन्दनमल पालीवाल की वरिष्ठता वर्ष 2008–09 में चयनित लेखाकारों की सूची मे श्री बुद्धराज कटनाल (मेरिट नम्बर 189/89 क्रम संख्या 934) तथा श्री दयाराम (मेरिट नम्बर 191/89 कम सख्या 936) के मध्य रहेगी।

श्री चन्दन मल पालीवाल को लेखाकार के पद पर चयनित वर्ष की अन्तिम तिथि 31.03.2009 से इस आदेश की पालना में वास्तविक कार्यग्रहण तिथि तक पदोन्नति पद की वेतन श्रृंखला में वेतन निर्धारण के केवल काल्पनिक लाभ ही देय होगा।

श्री चन्दन मल पालीवाल, कनिष्ठ लेखाकार कार्यालय नगर निगम, जयपुर का पदस्थापन कार्यालय अतिरिक्त निदेशक, चिकित्सा शिक्षा निदेशालय जयपुर में लेखाकार के रिक्त पद पर पदस्थापन किया जाता है।

उक्त आदेश मा0 विभिन्न न्यायालयों में विचाराधीन/ लम्बित प्रकरणों के निर्णयाधीन होगा।

निदेशक

क्रमाक– एफ. 3 (ख) (1) अलेसे–II/7529–7538 दिनांक – 01.05.12

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है –

1. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जयपुर नगर निगम जयपुर
2. अतिरिक्त निदेशक, चिकित्सा शिक्षा निदेशालय जयपुर
3. कोषाधिकारी जयपुर
4. श्री चन्दनमल पालीवाल, कनिष्ट लेखाकार, नगर निगम, जयपुर
5. संयुक्त निदेशक(कार्मिक–II)
6. निजी सहायक निदेशक महोदय
7. गोपनीय/डी.पी.सी./कम्प्युटर अनुभाग
8. निजी पत्रावली/ रक्षित पंजिका

संयुक्त निदेशक (कार्मिक-II)